## खबर संक्षेप

### जगतगुरू भगवान विश्वकर्मा वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी पुष्पा विश्वकर्मा



**परासिया।** भोपाल में जगतगुरू भगवान विश्वकर्मा वाहिनी संपूर्ण भारत के 51 सदस्यीय संस्थापक मंडल की बैठक समाजसेवी तथा सनातन धर्म का सम्पूर्ण विश्व में परचम लहरानेवाले आचार्य ओमप्रकाश सामवेदी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई । उपरोक्त बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के संस्थापक अशोक विद्रोही ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की । राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा , राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष युवराज मालवीय , श्री गौड़ ,राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविशंकर विश्वकर्मा , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र मालवीय कामठी नागपुर महाराष्ट्र , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश मालवीय बैतूल राष्ट्रीय महामंत्री अजय मालवीय बैतूल , संयुक्त महामंत्री संगीता विश्वकर्मा , राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री महेंद्र मालवीय को बनाया गया है । इसके अलावा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मेवाड़ा (जो कि संगठन के संरक्षक सदस्य भी है ) को तथा प्रदेश महामंत्री इटारसी की अर्चना मालवीय को बनाया गया ।इसी तरह महाराष्ट्र प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष अरुण पिपरोदिया को बनाया गया है ।प्रदेश प्रभारी हेतु मध्यप्रदेश प्रभारी रविशंकर विश्वकर्मा न्यूटन छिंदवाड़ा , महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी राजेंद्र मालवीय को बनाया गया ।संगठन के मुख्य संस्थापक संरक्षक तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक विद्रोही ने जानकारी देते हुए बताया , कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शीघ्र विस्तार करते हुए भारत वर्ष के सभी राज्यों का समावेश करते हुए घोषणा की जाएगी ।

### मानसिक स्वास्थ्य और तनाव नियंत्रण विषय पर प्रेरणा सत्र आयोजित



**दमुआ।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार राज्य परियोजना संचालनालय (विश्व बैंक परियोजना) के अंतर्गत "मानसिक स्वास्थ्य और तनाव नियंत्रण" विषय पर प्रेरणा सत्र आयोजित किया गया।इस प्रेरणा सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तनाव प्रबंधन के उपायों की जानकारी देना है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी महाविद्यालयों को उक्त सत्र में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए।शासकीय महाविद्यालय दमुआ के विद्यार्थी और शिक्षक इस सत्र में आनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए।आज दिनांक 29/10/25 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

## जनजातीय विभाग के उपयंत्री का ठेकेदारों को अघोषित संरक्षण का नतीजा है गुणवत्ताहीन निर्माण होना

# निर्माण कार्यों में फ्लाय ऐश की जगह सीमेंट-ईंट, रेत की जगह क्रेशर डस्ट का हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया (बाबा ठाकुर)

शासन को कैसे चूना लगाना है यह तो जनजातीय विभाग से सीखा जा सकता है। भ्रष्टाचार की प्रशिक्षण शाला बन चुका यह विभाग आए दिन अखबारों की सुर्खियों में रहता है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग करना तो अब आम बात सी हो गई है। यही कारण है कि चार पांच साल के अंदर ही जनजातीय विभाग के कई छात्रावास और भवन अपनी दुर्दशा के शिकार हो जाते है और एक और भवन जल्द ही दुर्दशा का शिकार होने वाला है। यह हम नहीं दीवारों पर लगने वाली सीमेंट की ईंटे और रेत की जगह उपयोग होने वाली डस्ट संकेत दे रही है कि यह भवन भी जल्द ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने वाला है और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ लीपापोती होने वाली है। आदिवासियों के उत्थान के लिए आने वाली मद का दुरूपयोग कैसे किया जाता है छिंदवाड़ा जिले में देखा जा सकता है।





जनजातीय विभाग जिस पर आदिवासी छात्र-छात्राओं की शिक्षा दीक्षा की जिम्मेदारी शासन ने सौंप रखी है, साथ ही स्कूलों छात्रावासो से संबंधित निर्माण कार्य के लिए भी तकनीकी अमला तैनात है जो होने वाले निर्माण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य करवाने का ठेका विधिवत करवाता है, लेकिन छिंदवाड़ा सहायक आयुक्त कार्यालय से होने वाले निर्माण कार्यों में समानता देखी जा सकती है कि ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के तहत भी उन्ही ठेकेदारों को ठेका मिलता है जो अधिकारियों के चहेते होते हैं। तामिया तहसील में भी इन दिनों जनजाति विभाग के तहत छात्रावास एवं स्कूल भवन के नये निर्माण चल रहे हैं जिसमें ठेकेदारों की मनमानी के चलते तकनीकी माप दंड की अनदेखी निर्माणाधीन कार्यों में देखी जा सकती है। निर्माण कार्य में लापरवाही वरत कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को किस तरह प्रभावित किया जा सकता है। यह तामिया विकासखंड के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में साफ देखा जा सकता है कि निर्माण कार्यों को तकनीकी मार्गदर्शन देने वाले उपयंत्री की छत्रछाया में जो निर्माण कार्यो के कालम खुदाई के समय से ही गड़बड़ी की गई है कि कालम मापदंड के एकदम विपरीत कम गहराई के खोदे गए हैं जिससे भवन का कमजोर होना तय हो चुका है। इन निर्माण स्थल पर देखकर ऐसा लगता है कि यहां पर ठेकेदार के तकनीकी इंजीनियर केवल कागजों में तकनीकी मार्गदर्शन देने दर्शाया गया है क्योंकि निर्माण जिस स्तर के हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि मजदूर एवं मिस्त्री के तकनीकी ज्ञान से हो रहे हैं।

वहीं ठेकेदार भी निर्माण सामग्री में कोताही वरत रहे। इस निर्माण कार्य में जहां पर रेत से जुडाई होना चाहिए, लेकिन ठेकेदार क्रेशर डष्ट का उपयोग कर जुडाई की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं, साथ ही जो ईट का उपयोग किया जा रहा है। वह ईंट फ्लाय ऐश की ना होकर सीमेंट की है जिससे जुडाई की मजबूती आना संभव नहीं है, वही जो ईंट की जुडाई की जाती है, उसमें तकनीकी मापदंड के अनुसार हर पांच ईंट की जुडाई के बाद कंक्रीट किया जाता है, वह 10 रद्दे के बाद की जा रही है। ऐसा सिर्फ इसलिए हो पा रहा है कि यहां के जो विभागीय उपन्यत्री वे अपने कमीशन के चक्कर में ठेकेदार को खुला संरक्षण दे रहे हैं। इसके कारण निर्माण कार्यो की गुणवत्ता किस तरह प्रभावित हो रही है। यह तामिया में चल रहे निर्माण कार्यों में साफ देखी जा सकती है, वहीं छात्रावास स्कूल मरम्मत के नाम पर भी छात्रावास अधीक्षक एवं प्राचार्य के माध्यम से जमकर फर्जीवाड़ा इसलिए हो पा रहा है कि उप यंत्री फर्जी मूल्यांकन घर बैठ कर रहे हैं। इस कारण शासकीय धन की खुली लूट ठेकेदार एवं उपयंत्री की मिली भगत से हो रही है। इस तरह जनजाति विभाग के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का यदि वास्तविक भौतिक सत्यापन क्यूब टेस्ट एवं खोदे गए कालम की गहराई का भौतिक सत्यापन किया जाएगा तो 25% का फर्जी मूल्यांकन केवल प्लिंथ बिम के नीचे हुए निर्माण कार्य में उजागर होगा, लेकिन जब सब शामिल हो और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जागरूक नागरिक विभाग के प्राचार्य सब मौन साधे हुए है तो भ्रष्टाचार होना लाजमी है।

# कलेक्टर कार्यालय : प्रस्तावित स्थल अमरावती रोड पर टेंडर में नक्शा नागपुर रोड का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा (अजय तावरे)

प्रशासन के नुमाइंदे अपने भ्रष्ट आचरण से बाज ही नहीं आते। आम जनता को तो गुमराह कर ही रहे है वहीं दर्जनों की संख्या में वे संगठन जो बुद्धिजीवी वर्ग से आते है। ज्ञापन सौंपकर भी बेबश नजर आ रहे है क्योंकि वे प्रस्तावित कलेक्ट्रेट भवन के भूमि चयन से असंतुष्ट है। जबकि गुमराह करने के लिए नक्शा नागपुर रोड का और प्रस्तावित स्थल अमरावती रोड पर दिखाकर न जाने गुमराह करने वाले प्रशासनिक अधिकारी क्या चाहते है, किसकी शह पर भूमि चयन का खेल चल रहा है। भाजपा की सरकार में जनता की मंशा को दरकिनार कर विशेष भूमाफियाओं को संरक्षण देने का काम प्रशासन कर रहा है। यहां अमरावती रोड पर गणपति मठ संस्थान से शासन को दान में मिली भूमि पर प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण को लेकर दिनों दिन नई-नई जानकारियां सामने आ रही है। जिले के अधिकांश जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने नवागत कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ को अमरावती कार्यालय के प्रस्तावित कार्यालय के स्थान परिवर्तन हेतु आवेदन सौंपे हैं। नई जानकारी सामने आई है कि कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के लिए भोपाल से जो ऑनलाइन टेंडर जारी हुआ था, उसमें जो नक्शा संलग्न किया है वह अमरावती रोड पर प्रस्तावित भूमि का नहीं बल्कि नागपूर रोड पर स्थित एक भूमि का है। जबकि जिला प्रशासन पिछले 7-8 माह से नागपुर रोड पर कलेक्टर कार्यालय के लिए योग्य सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं होने का रट लगाता आया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन ने कलेक्टर कार्यालय के लिए भूमि जरुर अमरावती रोड पर चिन्हित की है लेकिन इसके लिए जारी टेंडर में किसी और जगह का नक्शा दर्शाया गया है। नक्शे में दर्शाई गई जगह नागपुर रोड पर मोरडोंगरी बायपास टी पॉइंट के पास स्थित बालाजी ढाबे के बाजु में 300 मीटर भीतर है। यहां भी लगभग 4 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि मौजूद हैं जिसका नक्शा अमरावती रोड पर प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय के लिए जारी टेंडर में दिखाया गया है। अमरावती रोड पर कलेक्टर कार्यालय के भवन को लेकर पहले से जिले भर में असंतोष व्याप्त है। ऐसे में कलेक्टर भवन निर्माण के लिए जारी टेंडर में निर्धारित भूमि को लेकर मेनुपुलेशन क्यों किया गया यह एक रहस्य है जिसका खुलासा होना जरूरी है।

## लायंस आई हॉस्पिटल पर 'मानव अंग तस्करी' का काला साया!

### लायंस आई हॉस्पिटल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, आपराधिक कार्यवाही के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा/परासिया

लायंस क्लब मानव अंग तस्करी का मामला धीरे धीरे जांच में प्रकाश में आ रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच जारी है और उसी क्रम में बुधवार को अवर सचिव का पत्र आया है। जिसमें नियमानुसार कार्यवाही किए जाने का जिक्र है।

ज्ञात हो कि लायंस क्लब का मामला बहुत लंबे समय से विवादों में चल रहा है। मानव अंग तस्करी और भ्रष्टाचार जैसे अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के प्रमाणित प्रमाण के कारण ही अब कार्यवाही उचित दिशा में की जा रही है।

मामले की असाधारण गंभीरता को देखते हुए, मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से आपराधिक मुकदमा दर्ज करने सहित कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने का आदेश जारी कर दिया है।




भारत सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित की थी। दिल्ली से प्राप्त इन गंभीर साक्ष्यों और शिकायत के आधार पर ही मध्यप्रदेश सरकार ने चिकित्सा माफिया के खिलाफ यह निर्णायक कदम उठाया है।

**शासकीय पत्र का विवरण:** जारीकर्ता: अवर सचिव, श्रीमती सीमा डहेरिया, मध्यप्रदेश शासन। 23 अक्टूबर, पत्र क्रमांक: PHME-0043/2024/सत्रह/मेडि-3।

**निर्देश:** पत्र में आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, भोपाल को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे इस मामले में मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम (THOTA), 1994 और अन्य संबंधित कानूनों के तहत 'तत्काल और नियमानुसार आवश्यक वैधानिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही' सुनिश्चित करें, तथा की गई कार्यवाही की सूचना तुरंत विभाग को भेजें।

## प्रभुप्रणाम ग्रुप का दीपावली-मधुर मिलन उत्सव सम्पन्न



**छिन्दवाड़ा।** मंगलवार को प्रभुप्रणाम ग्रुप के प्रभुप्रेमियों द्वारा दीपावली मधुर मिलन उत्सव को बेन्डे चाय वाला (आपला मानुष) संस्थान के उद्घाटन के साथ मनाया गया। छटपर्व के अवसर पर, माता लक्ष्मी व छट माता पूजन अर्चन किया गया। निषाकाल में मट्टी के स्वदेषी दियों को प्रज्वलित किया गया। इस लघु संगोष्ठि में सनातन पर्व दीपोत्सव एवं छटपर्व पर परिचर्चा की गई। ग्रुप के सदस्यों द्वारा आज दिन में नगर के आनंदम टाउनषिप कालोनी वार्ड क्र-25 के मध्यम पार्क में औषद्यी पौधों का पौधारोण किया गया। इस मधुर मिलन उत्सव में वृक्षवीर कृपाषंकर यादव, नगर पालिक निगम छि. से नरेष फरकसे, इंजी. प्रमोद चुग अधिवक्ता देवीलाल विष्वकर्मा, सेवकराम यादव, एल.आर. दौड़के, षोभाराम बैठवार, लोकनाथ बेण्डे, श्रीमति देवी बेण्डे, मनीष बेण्डे, दिलीप प्रजापति, काषीनाथ ठाकरे, आदि की गरिमामय उपस्थिती रही।

## न्यूटन पेंच नदी में रिटर्निंग वाल के लिए बनेगा डीपीआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परासिया की अध्यक्षीय परिषद पीआईसी की बैठक बुधवार को अध्यक्ष कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में न्यूटन पेंच नदी मे पुल से बांध तक रिटर्निंग वाल बनाने के लिए डीपीआर बनाने के काम की निविदा की दरे स्वीकृत की गई । अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया , कि बैठक में 70 लाख के निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है ।इससे विभिन्न वार्डों में सड़क और अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे । कुछ जगह बीटी सड़क बनाई जाएगी । वार्ड नौ की एक सीमेंट कांक्रीट रोड के कार्य को निरस्त करने का प्रस्ताव लिया गया । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया , कि विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत कर विकास कार्य तेजी से किए जाएंगे । जिससे नागरिकों की समस्याओं का हल हो सके । इस बैठक में सीएमओ भरत गजबे , सभापति बल्लू नागी , नरेंद्र विश्वकर्मा , संतोष विश्वकर्मा , शशि सतनामी , शोभा सेंगर , नगर पालिका से प्रवीण मिश्रा , शैलंद्र शर्मा , सुनील देवार , पुरषोत्तम ठाकुर उपस्थित रहे ।

# हर्रई में एक अतिरिक्त कैश काउंटर संचालित करने के दिए निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** जिले में यूरिया एवं अन्य उर्वरकों के सुव्यवस्थित वितरण की निगरानी के तहत कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज अमरवाड़ा में स्थित मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के उर्वरक भंडारण केंद्र एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (मार्केटिंग सोसायटी) के गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी, भंडारण व्यवस्था, माल निकासी प्रक्रिया एवं किसानों को उर्वरक वितरण की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोदामों में कार्यरत हम्माल या श्रमिक उर्वरक की बोरियों को हुक के माध्यम से न उठाएँ, क्योंकि इससे खाद की बोरियों को नुकसान पहुँचता है और खाद की बर्बादी की संभावना रहती है। कलेक्टर श्री नारायन ने जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) को यह भी निर्देश दिए कि हर्रई में एक अतिरिक्त कैश काउंटर शीघ्र संचालित किया जाए, ताकि किसानों को नगद उर्वरक प्राप्त करने के लिए अमरवाड़ा तक न आना पड़े। साथ ही उन्होंने एसडीएम अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे को निर्देशित किया कि हर्रई में मार्कफेड के उर्वरक भंडारण हेतु उपयुक्त स्थान का चयन कर उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान एसडीएम अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की बगैर वेतन गुजरी दिवाली

### वेतन के लिए बीएमओ को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा में दीपावली इस बार कहीं उत्साह पूर्ण तो कहीं फीकी रही । जिन परिवारों ने कफ सिरप के चलते अपने नोनीहालों को खोया उनके लिए दीवाली बेहद गमगीन गुजरी , तो कुछ लोगों की दिवाली बिना वेतन के गुजरी । इनमें परासिया स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी शामिल हैं । जिन्होंने अपने वेतन के लिए बी एम ओ को ज्ञापन दिया है ।बुधवार को परासिया विकास खंड के विभिन्न क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मी बी पी एम अनूप साहू , मनीष परसाई (अकाउंटेंट ) , एएनएमप्रमोदनी सिंह , अर्चना वैष्णव तबस्सुम कुरैशी , नर्सिंग ऑफिसर पिंकी साहू , नीलम जावरे , पुष्पा वर्मा , आर बी एस के डॉक्टर कय्यूम , कंप्यूटर ऑपरेटर दया यादव , विशाल , टी वी वर्कर जितेंद्र गजभिये , फार्मासिस्ट प्रणय कीर्ति , संगीता बोस , सपोर्टिंग स्टाफ रीना साहू , शाहीन सभी ने बीते दो माह से वेतन नहीं मिलने के चलते ब्लाक मेडिकल ऑफिसर अंकित सहलाम को ज्ञापन दिया । जिसमें उन्होंने बगैर वेतन के दीपावली मनाने के दौरान सामने आई परेशानियों को बयां किया । बता दें की बीते दिनों कफ सिरप कांड के चलते चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए इन्हीं स्वास्थ्य कर्मियों ने जी तोड़ मेहनत की । खासकर ए एन एम कर्मियों ने घरों - घर जाकर सर्वे किया , जानकारी जुटाई , बच्चों और बड़ो को स्वास्थ्य सेवाएं दी । जबकि इन्हे सितम्बर से ही वेतन नहीं मिला । अब इनका कहना है कि बगैर वेतन के अब गुजारा मुश्किल हो रहा है । स्वास्थ्य कर्मियों ने ज्ञापन देकर वेतन देने की गुहार लगाई है ।

## काली उत्सव कार्यक्रम का समापन, पूर्णाहुति के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

# कोयलांचल में विदा हुई माँ काली, भक्ति भाव से दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन काली कैंप में विराजी माँ काली बुधवार को विदा हुईं । भक्तों ने पुरे भक्ति भाव के साथ मां काली विदा किया ढोल , नागाड़ो के साथ भक्तगण पेंच नदी घाट पहुंचे और मां काली की प्रतिमा विसर्जित की । न्यूटन काली कैंप में बीते 50 - 52 वर्षों से मां काली की पूजा बड़े उत्साह , भक्ति भाव के साथ की जाती आ रही है ।





किसी समय जब यहां कोयला खदान चालू थी , तब मनाया जाने वाला काली उत्सव बड़ा ही मशहूर था । 10 दिनों तक सुबह - शाम रासलीला का मंचन उस दौरान लोगों के लिए विशेष हुआ करता था । जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दूर दराज गांवों से लोग आया करते थे । अब काली पूजा के दौरान उन दिनों की याद आती है और लोग उस समय की चर्चा जरुर करते हैं । समय के साथ - साथ पूजा उत्सव समिति की जिम्मेदारी बदलती गई । अब यह जिम्मेदारी यहां के युवाओं ने संभाली है , जो पूरे 10 दिन मां काली की सेवा में लगे रहते हैं । दस दिन मां काली की विशेष आरती का आयोजन रहता है । भक्तगण बड़ी संख्या शामिल होते हैं । मंगलवार को हवन पूजन और विशाल भंडारे के साथ ही काली उत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ और बुधवार को मां काली की प्रतिमा विसर्जित की गई । काली पूजा उत्सव समिति से जुड़े पवन भारती , बिट्टू नाथ , मनीष चौहान , नितिन यादव , मयंक पटेल, दानिश खान करण चौरसिया , कुणाल चौरसिया , ऋषि नाथ , रुद्र तिवारी , पंकज राज , अलोक भारती , अंकित भारती दुर्गेश देखरिया , शिव भारती , चीनू आठनकर आदि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लोगों के प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है ।

## ओवर स्पीड गाड़ियों पर पुलिस करें कार्यवाही, तेज गति वाहनों से हर दिन हो रही है दुर्घटनाएं

# टक्कर इतनी भयंकर की युवक बंट गया दो टुकड़ों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर तेज गति से चल रहे हैं वाहनों के चलते नगर सीमा में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिसमें मासूम लोगों की जाने जा रही है। सोमवार की रात्रि भी ऐसा ही एक ह्रदय विदारक हादसा हुआ जिसमें एक अज्ञात वाहन ने युवक को जमकर टक्कर मारकर फरार हो गया।

अज्ञात वाहन इतनी तेज गति से था की टक्कर में युवक का शरीर टुकड़ो में बट गया, देर रात नगर के जय भोले ढाबे के पास हुई घटना में मृतक की पहचान सौसर वार्ड नंबर 14 निवासी 45 वर्षीय नरेंद्र पिता दिलीप जैन के रूप में हुई है। सौसर पुलिस के अनुसार, नरेंद्र जैन पैदल अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद उनका शव दो टुकड़ों में मिला, दर्दनाक रूप से हुए हादसे की खबर आग की तरह रात में ही संपूर्ण क्षेत्र में फैल गई थी। चर्चा के दौरान सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद में सौसर पुलिस ने के द्वारा मौके पर पहुंचकर युवक की पहचान करते हुए परिजनों को सूचना देते हुए मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया गया।

लगातार सौसर की सड़कों में तेज गति से चल रहे वाहनों के चलते दुर्घटनाएं हो रही है,जिसमें मासूम लोगों की जाने जा रही है। देखने में आया है कि अक्सर नागपुर छिंदवाड़ा मोहगाव हवेली मार्ग पर औवर स्पीड से बड़े पैमाने पर वाहनों का रात दिन आवागमन हो रहा है। जिसमें नगर के बेलगांव कॉलोनी,गजानन कॉलोनी, श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, तहसील कार्यालय के सामने, बस स्टैंड पर आए दिन दुर्घटनाये हो रही है। वहीं दूसरी और मोहगांव मार्ग पर भी बड़े पैमाने पर तेज गति से वाहनों की रात दिन आवाज आई शुरू रहती है। नगर सीमा के भीतर प्रशासन के द्वारा नागपुर छिंदवाड़ा पांढुर्णा की ओर से आने वाले टैक्सी माल वाहनों बसों की गति निर्धारित करने की मांग की जा रही है।

## अपील समिति सदस्य व पार्षद संजय जैन और पार्षद अमित यादव बने सभापति

**जुन्नारदेव।** नगर पालिका के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने शासन द्वारा प्रदत्त अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए अपील समिति सदस्य संजय जैन व अमित यादव को सभापति बनाया नपा अध्यक्ष द्वारा म.प्र. नगरपालिका (प्रेसिडेन्ट इन काउंसिल के कामकाज का संचालन तथा पदाधिकारियों की शक्तियों एवं कर्तव्य) नियम 1998 के नियम 4 वर्णित प्रावधान एवं म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 के तहत नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव में प्रेसिडेन्ट इन कॉउंसिल के संदस्यों का गठन किया गया है। जिसमे नियम 3 के तहत गठित सदस्यों के विभाग (एक, पाँच एंव सात) में आंशिक संसोधन करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त तक निम्लिखित वार्ड पार्षदों को संबधित विभाग का प्रभारी बनाया जाता है जो निम्नानुसार है-सामान्य प्रशासन विभाग अमित यादव पार्षद वार्ड क्रमांक-09,जलकार्य तथा सीवरेज विभाग श्रीमति लक्ष्मीबाई चन्द्रवंशी पार्षद वार्ड क्रमांक-17,लोक निर्माण उद्यान, विद्युत एंव यांत्रिकी विभाग,श्रीमति नीता शरद कुरोलिया पार्षद वार्ड05 राजस्व वित्त विभाग श्रीमति लता देवेन्द्र टांडेकर पार्षद वार्ड क्रमांक-01,स्वच्छता एंव ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभागा पार्षद संजय जैन अपील समिति सदस्य पार्षद वार्ड नंबर 11,योजना यातायात, परिवहन एंव सूचना प्रोद्योगिकी विभाग श्रीमति दिप्तीकांता हरि साहू पार्षद वार्ड क्रमांक-02,,शहरी गरीबी उपशमन विभाग श्रीमति सीमा कैलास चौरसिया पार्षद वार्ड क्रमांक-04, सभी नगर पालिका सभापतियों को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे के आदेश से मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे आदेश प्रेषित किया। वरिष्ठ पार्षद व अपील समिति सदस्य संजय जैन और पार्षद अमित यादव के सभापति बनने पर नगर के नागरिकों व समस्त पत्रकारों तथा वार्ड वासियों ने संजय जैन व अमित यादव को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बधाई प्रेषित की।



## पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 युवा शक्ति मां काली पूजा समिति प्रांगण में बुधवार 29 अक्टूबर को यज्ञ की अग्नि में पूर्णाहुति डाली गई इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने युवा शक्ति मां काली पूजा समिति के प्रांगण में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब हो कि जुन्नारदेव नगर में पहली बार माता महाकाली के साथ चौसठ योगिनी देवियों की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके दर्शन के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में छिंदवाड़ा, बैतूल, जबलपुर एवं अन्य दू- दूर के स्थानों से दर्शनार्थियों ने पहुंचकर धर्मलाभ लिया। लगातार 28 वर्षो से युवा शक्ति मां काली पूजा समिति द्वारा नगर में माता महाकाली की प्रतिमा स्थापना एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे है जिसके अंतर्गत पूर्व में श्री शतचंडी महायज्ञ, भागवत कथा का आयोजन किया गया। यह स्थल नगर के लोगों के लिए आस्था का विशेष केंद्र बना हुआ है जहां पर प्रतिवर्ष माता महाकाली के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने लोग पहुंचते हैं।

### आज निकलेगी माता महाकाली की जलविहार यात्रा

गुरुवार 30 अक्टूबर को दोपहर में माता महाकाली एवं 64 योगिनी देवियों की जलविहार यात्रा निकाली जाएगी। युवा शक्ति मां काली पूजा समिति के पंडाल से 12:00 बजे जलविहार यात्रा प्रस्थान करेगी। युवा शक्ति मां काली पूजा समिति ने समस्त नगर की धार्मिक जनता से माता रानी की विसर्जन यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है साथ कार्यक्रम में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी धर्म प्रेमियों का आभार व्यक्त किया है।

## ध्वजारोहण कर प्रारंभ हुआ अष्टांहिका महापर्व

**छिंदवाड़ा।** जैन दर्शन का अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टांहिका का मंगलमय शुभारंभ बुधवार कार्तिक शुक्ल सप्तमी के शुभ दिन विधि विधान पूर्वक हुआ।मंगलमय प्रसंग पर सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के श्रावकगणों ने प्रातःकाल की मंगल बेला पर नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनबिंब प्रक्षालन किया पश्चात मंगलगान के साथ स्वस्तिक बनाकर जिनालय पर ध्वजारोहण किया।जिसका सौभाग्य फेडरेशन के उपाध्यक्ष जिनेन्द्र जैन, सचिव दीपक राज जैन, रमेश जैन, सुबोध जैन, वीरेंद्र जैन, पंकज जैन, सचिन जैन, रूपेंद्र शास्त्री को प्राप्त हुआ पश्चात सभी ने श्री रतनकरण्ड श्रावकाचार विधान में हिस्सा लिया।जिसमें जिनवाणी विराजमान करने का सौभाग्य अशोक कुमार ज्ञाता जैन वैभव परिवार को प्राप्त हुआ वहीं श्रीमती रानी डॉक्टर के. सी. जैन, पदमा सुरेन्द्र जैन, प्रमिला जैन, नैना जैन, मंजू जिनेन्द्र जैन पायल वाला, पुष्पा रमेश जैन, प्राची रूपेंद्र जैन को मंगल कलश विराजमान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रथम दिवस विधान की पूर्णता पर स्वाध्याय के क्रम में सभी ने डॉक्टर विवेक जैन के श्रीमुख से मां जिनवाणी का रसास्वादन किया। आपको बता दें सकल जैन समाज के साथ मंडल एवं फेडरेशन आगामी कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा 5 नवंबर तक अष्टांहिका महापर्व की मंगल आराधना करेगा।



## पीएम श्री कॉलेज में सांगितीक एवं सांस्कृतिक विधाओं का आयोजन

**पांढुर्णा।** स्थानीय पीएम श्री शासकीय साइंस कॉलेज में युवा उत्सव के दूसरे दिन सांगितीक तथा सांस्कृतिक विधाओं का आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शहनाज़ खान के मार्गदर्शन तथा युवा उत्सव प्रभारी डॉ. ललिता धुर्वे के नेतृत्व में हुआ। इस समारोह में एकल नृत्य, समूह नृत्य, मूक अभिनय, एकांकी, हास्य नाटिका, एकल गायन, समूह गायन आदि की प्रस्तुतियां महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। युवा उत्सव की इन प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता छात्र-छात्राएं पांढुर्णा जिला स्तर पर होने वाली युवा उत्सव की 22 विधाओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी प्रथम विजेता छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शहनाज खान द्वारा मार्गदर्शित करते हुए अगले स्तर पर सफल होने की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. डी. एस. बिसेन, डॉ. हर्षलता सोनटक्के, प्रो. रामपाल कुमरे, प्रो. रविंद्र बंसोड़, प्रो. मनोज कुमार धुर्वे, प्रो. गणेश कुमार तुमडाम, डॉ. विवेक कुमार सोनवाने, प्रो. पंजाब सिंग, डॉ. किशोर पराड़कर, डॉ. प्रजेंद्र सिंग रघुवंशी, प्रो. राहुल यादव, डॉ. सूरज रामटेके, डॉ. अनिल कुमार पिंपलकर, डॉ. सारिका बंसोड़, प्रो. शीतल गुजरे, प्रो. अभिलाषा दवंडे,प्रो. कैलाश गोन्हारे, श्री अजय कुमार झारिये, डॉ. श्रेयांस परसाई, डॉ. एल. राऊत, श्रीमती सिया मरकाम, कु अपूर्वा सांडे,कु आचल चटप, श्रीमती सीमा कामडे, श्री मनोज खुरसंगे, राधेश्याम बुआडे, राकेश चटप, संजय उईके,बबलु चौधरी,बालकदास पाटिल,नयन साहारे,लेखाराम डिगरसे, चंद्रशेखर गजभिए, रत्नाकर जिवतोडे महाविद्यालय का संपूर्ण स्टॉक एवं छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री भोजराज कराले द्वारा किया गया।



### रन फॉर यूनिटी के लिए एकता दौड़ का आयोजन

**जुन्नारदेव।** 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस उपलक्ष में एकता दौड़ का आयोजन स्थानीय जुन्नारदेव थाना परिसर से किया जा रहा है 31 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे राष्ट्रीय एकता अखंडता और सुरक्षा बनाए रखना का संदेश प्रसारित करते हुए पुलिस थाना स्तर पर एकता डा उड़ आयोजित की जा रही है जिसमें स्कूल एवं कॉलेज के एनसीसी कैडेट, एनएसएस छात्र-छात्राएं सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं जागरूक जनता उपस्थित रहेगी यह दौड़ लगभग 3 किलोमीटर नगर के मुख्य मार्गों पर होते हुए वापस जुन्नारदेव थाने में समाप्त होगी। रन फॉर यूनिटी में अपनी सहभागिता के लिए थाना प्रभारी राकेश बघेल ने सभी से अपील की है।

## नंदौरा गाँव में बोड़ी तालाब में मिला वृद्ध का शव



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी के नंदौरा गाँव में एक वृद्ध का शव बोड़ी तालाब में सायकिल सहित मिला। मृतक की पहचान दामेश्वर कारमेंघे (65 वर्ष), पिता पतिराम कारमेंघे, जाति माना, निवासी नंदौरा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दामेश्वर सुबह-सुबह घर से साइकिल से निकले थे और वापस नहीं लौटे। ग्रामीणों ने जब दामेश्वर को बोड़ी में मृत अवस्था में देखा, तो तुरंत सुलसुली चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और शासकीय अस्पताल लांजी भेजा, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। दामेश्वर की मौत से परिजनों में शोक का माहौल है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं पर विचार कर रही है।

### विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

## जल,जंगल, जमीन को बचाना हम सभी का कर्तव्य-विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत गटापायली में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का लोकार्पण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल के पहुँचने पर समाज के वरिष्ठजनों द्वारा स्वागत किया गया। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

समारोह में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि जल, जंगल, जमीन को बचाने वाले बेजुबानों को जुबान देने वाले हम भगवान बिरसा मुंडा के लोग हैं, बुंदेलशाह और कुंवर शाह के लोग हैं। आदिवासी हमेशा सच्चा होता हैं, कभी झूठ नहीं बोलता, जो कहता है, वही करता हैं। मेरे विधायक बनने के बाद मुझसे जो भी काम आदिवासी समाज ने मांगा हैं, मैंने सब दिया। मैं आप लोगों के साथ हमेशा खड़ा हूँ।

श्री पटेल ने कहा कि आप लोगो को जब भी मेरी जरूरत पड़े, मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूँ। ग्राम के हमारे सम्मानीय लोग जैसा विकास चाहेंगे, वैसा विकास होगा। समाज के लोग जहाँ जैसा बोलेंगे, वैसा काम किया जाएगा, कहीं भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं जाएगी। आप लोग जितनी राशि बोलेंगे, मैं उतनी राशि विकास के लिए दूंगा। माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे, अच्छा संस्कार दे, बच्चे जो देखेंगे वही सीखेगे, इसलिए बच्चों के सामने अच्छा-अच्छा बोले, सभी से अच्छा व्यवहार करें, जैसा हम करेंगे, वैसे हमारे बच्चे भी करेंगे। इसलिए बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छा संस्कार दे। याद रखना हमें अपने जल, जंगल, जमीन को बचाना है। कुछ बाहरी लोग आदिवासी भाइयों को बहला फुसला कर उनकी जमीन खरीद रहे है। आप उन लोगों के बहकावे में आकर अपनी जमीने नहीं बेचे।



### कृषि विभाग की लापरवाही से नहीं हो पा रही नई पदस्थापना

## विषय वस्तु विशेषज्ञ अधिकारी की अनुपस्थिति से आमजन परेशान

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कृषि विभाग लांजी में विषय वस्तु विशेषज्ञ अधिकारी गोदावरी गिरी गोस्वामी की लगातार अनुपस्थिति और लापरवाही के कारण आमजन परेशान हैं। आमजन और कृषि कार्य से जुड़े लोगों द्वारा गोदावरी गिरी गोस्वामी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि जब तक उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं की जाएगी, तब तक आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जानकारी अनुसार गोदावरी गिरी गोस्वामी वर्ष 2015 में सस्पेंशन के चलते लांजी कार्यालय में अटैच हुई थीं, फिर कुछ समय बाद बहाली होने पर उन्हें कृषि विभाग लांजी में विषय वस्तु विशेषज्ञ लेकिन इसके बावजूद भी वे अपने कार्यों को सार्थक रूप से नहीं कर रही हैं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गोदावरी गिरी गोस्वामी की अनुपस्थिति और लापरवाही की जानकारी विभाग के अधिकारियों को है, लेकिन इसके बावजूद भी उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे आमजन को कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कृषि कार्य से संबंधित जानकारी प्राप्त करने कार्यालय पहुंचने वाले लोगों का कहना है की जब तक कृषि विभाग लांजी में विषय वस्तु विशेषज्ञ के पद पर किसी जिम्मेदारी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो जाती क्षेत्र के किसानों को इसी तरह परेशानी का सामना करना पड़ेगा। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इस मामले में शीघ्र संज्ञान लेते हुए लगातार अनुपस्थित रहने वाली अधिकारी पर सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें यहां से हटाया जाना चाहिए और अन्य अधिकारी को पदस्थ करते हुए किसानों की समस्या का समाधान करना चाहिए।




### जिले में लगातार चलाया जा रहा है साईबर सुरक्षा हेतु जागरूकता

## ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव हेतु साइबर जागरूकता कार्यशाला का CRPF बटालियन 123 में हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** संपूर्ण देश भर में वर्तमान समय में अनेक प्रकार से भोली भाली जनता सहित शासकीय कर्मचारी, अधिकारीयो को भी बड़ी आसानी से ठगो द्वारा ठगा जा रहा है। जहां भोली-भाली जनता सहित पढ़े लिखे लोग भी कभी कभी ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो जाते है। जिसके चलते क्या क्या शासकीय अधिकारी, कर्मचारी या फिर व्यापारी को अपनी मेहनत की गाड़ी कमाई गवानी पड़ रही है। वैसे ही पूरे बालाघाट जिले में भी लगातार फ्रॉड की घटनाएं सामने आती रहती है। और पूरे जिले में भी इस प्रकार की ठगी के अनेक मामले सामने आए हैं। इन्हीं मामलों में जनता को जागरूक करने के उद्द्येश्य मध्यप्रदेश सरकार के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पूरे जिले में साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशन में बालाघाट साइबर टीम द्वारा भरवेली के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 123 में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से CRPF बटालियन 123 मुख्यलाय कमांडेंट हजारी लालअतिरिक्त कमांडेंट अनूप कुमार सिंग, डिप्टी कमांडेट मनोज कुमार की उपस्थिति रही इसके साथ ही CRPF 123 बटालियन के जवानों को ऑनलाइन ठगी, ओटीपी सहित डिजिटल फ्राड 1930 की जानकारी सहित साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई।

उक्त साइबर अपराध के बारे में मेघा तिवारी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में जिस प्रकार डिजिटल तरीके से अपराध हो रहे हैं उन खतरों से बचाना तथा इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के बारे में लोगों को शिक्षित करने का एक सामूहिक प्रयास भी है। वहीं बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति से अपना पासवर्ड, आधार कार्ड इत्यादि शेयर ना करें साथ ही मोबाइल पर आई हुई अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अनजान लोगों से वीडियो कॉल ना करें। पुलिस आपकी सुरक्षा में है संपूर्ण मध्यप्रदेश की तरह बालाघाट जिले में भी साइबर सेल है कोशिश करना है इस प्रकार की घटना ना घटे अगर घट भी जाती है तो तुरंत साइबर सेल से संपर्क कर सावधानी बरते। सावधानी ही सुरक्षा है पुलिस द्वारा इस प्रकार की घटना से बचने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। आप लोगों को भी लोगों के बीच जाकर जन जागरूकता अभियान चलाना पड़ेगा जिसके चलते इस प्रकार की घटना ना घटे और लोग ऑनलाइन ठगी के शिकार ना हो।




### कुम्हार समाज मे रोष, आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग

## आपसी रंजिश में युवक के साथ मारपीट, अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के वार्ड नं. 10 निवासी पवन हरिशंकर कश्यप ने पुलिस थाना लांजी में चार युवकों के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस जानकारी अनुसार पीड़ित पवन कश्यप 28 अक्टूबर की शाम करीब 4.30 बजे अपने घर आ रहा था, तो कांशीटोला पुलिया के पास जयतजय कालबेले ने उसे रोक लिया और गाली देने का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया, तो जयतजय कालबेले ने अपने साथियों राकेश मात्रे, संजय मानेश्वर और राहुल पांचे के साथ मिलकर उसे लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा। पीड़ित ने बताया कि जब उसके साथी दिलेश्वर कश्यप और सुमित्रा प्रजापति ने बीचबचाव करने की कोशिश की, तो हमलावर धमकी देते हुए वहां से चले गए, इस मारपीट की घटना में पीड़ित युवक की गले की सोने की चैन भी गुम हो गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित पवन कश्यप ने अपने भाई कृष्ण कुमार कश्यप के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उसने जयतजय कालबेले और उसके साथियों राकेश मात्रे, संजय मानेश्वर और राहुल पांचे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित पवन कश्यप की शिकायत पर चारो युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 अपराध धारा 296, 115(2),351(3),3(5) सदर का कायम कर विवेचना में लिया गया।



### आरोपी युवकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे पुलिसः पवन कश्यप

वहीं इस घटना पर कुम्हार समाज के ब्लॉक अध्यक्ष पवन सितमलाल कश्यप ने रोष जताते हुए आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस से सख्त कार्यवाही की मांग की है। उन्होने कहा की कुम्हार समाज के उपाध्यक्ष पवन हरिशंकर कश्यप पर चार युवकों द्वारा जानलेवा हमला किया जाना काफी निंदनीय है। श्री कश्यप ने ने पुलिस से न्याय की मांग की है और आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उसकी सोने की चेन भी छीन ली है, जो घटना के दौरान कहीं गिर गई है या आरोपी युवकों द्वारा ही रख ली गई है। जिसे पुलिस आरोपी युवकों से शीघ्र दिलाए।

## मिरेगांव में धूमधाम से आस्थापूर्वक मनाई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती, समाजोत्थान पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

कलार समाज द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को अपने आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती 28 अक्टूबर को लालबर्रा मुख्यालय सहित पूरे ग्रामीण अंचल में धूमधाम से हर्षोल्लास एवं आस्थापूर्वक मनाई गई। मिरेगांव में विशेष आयोजनलालबर्रा के ग्राम मिरेगांव में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती पर विशेष आयोजन किया गया। ग्राम के स्वजातीय जनों ने हनुमान मंदिर के समीप स्थित सभा मंच पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपने आराध्य देव की जयंती मनाई। जयंती के उपलक्ष्य में मिरेगांव में समाजजनों ने पूर्ण आस्था और उत्साह के साथ विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया। इस पावन अवसर पर उपस्थित समाजबंधुओं ने भगवान सहस्त्रबाहु को नमन करने के पश्चात समाज उत्थान और समाज हित के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया।समाजजनों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे भगवान सहस्त्रबाहु के आदर्शों पर चलते हुए समाज को एकजुट बनाने और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। जयंती समारोह ने समाजबंधुओं को एक मंच पर लाकर, सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### महामाया मंदिर की मढई शुक्रवार को

उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज महामाया मंदिर में ग्यारस को भरने वाली मढ़यी शुक्रवार 31 अक्टूबर को रखी गयी है। हर साल यहां ग्यारस की मढयी में बड़ी संख्या में दुकान दार व आमजन ग्वाला भाई पहुंचकर मढ़यी की शोभा बढ़ाते हैं बार्ड के पूर्व पार्षद रमनलाल यादव बाबू भैया ने उक्त जानकारी देते शासन पृशासन से साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस पृशासन से सहयोग करने का निवेदन किया है

### महाकालेश्वर मंदिर मे आंवला नवमीं के पावन पर्व पर आंवला वृक्ष की विशेष पूजन अर्चन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महाकालेश्वर मंदिर वोरदाई टेकरी मैं आंवला नवमी के पावन पर्व पर आंवला वृक्ष की विशेष पूजन अर्चन की जाएगी आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु एवं शिव का वास होता है उत्तम स्वास्थ्य सुख समृद्धि शांति की कामना से आंवला वृक्ष का पूजन करना चाहिए एवं आंवला नवमी के दिन आंवला के वृक्ष की पूजन अर्चन कर दान पूणय करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है आंवला नवमी पर किया गया दान पुण्य कई गुना अधिक लाभ दिलाता है आंवला के वृक्ष को अक्षय शुभदायक सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना गया है आंवला पेड़ की पूजन सभी पापों से मुक्ति आरोग्यता सौभाग्य व सुख समृद्धि का लाभ मिलता है कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को मनाई जाएगी

### भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती हर्षोल्लाह से मनाई गई

**लखनादौन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव कलार समाज लखनादौन द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सुबह-सत्र में शासकीय अस्पताल लखनादौन में पौधारोपण कर पूर्व में रोपित पौधों को संरक्षित किया गया। अस्पताल में भर्ती व्यक्तियों को फल वितरण कर समरसता का संदेश दिया गया। तत्पश्चात सायंकाल में महिला शक्ति द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, संस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ भगवान सहस्रबाहु जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर अभिषेक,कथा, पूजन,महाआरती तथा छप्पन भोग अर्पण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, कविता पाठ,व्याख्यान, सामाजिक समरसता संदेश के साथ कल्चुरी गौरव सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि दिनेश राय विधायक सिवनी द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित ग्राम आदेगांव, पिंडरई, पिपरिया, पतलोन, रहली, केकड़ा, करेली गणेशगंज, सहजपुरी, सोहागपुर, महुआ-टोला, धनककडी, घूरवाड़ा, मलखेड़ा, कहानी आदि ग्रामों के सामाजिक जन सम्मलित हुए।

## जानलेवा गड्ढों पर आखिर चला प्रशासन का पहिया

# सिवनी-बालाघाट रोड की मरम्मत शुरू फोरलेन वादा अब भी अधर में...

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी-बालाघाट रोड की जर्जर हालत और जानलेवा गड्ढों ने आखिरकार प्रशासन को झकझोर दिया है। एमपीआरडीसी ने अब इन गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया है, लेकिन सवाल यह उठता है क्या इतने हादसों के बाद ही प्रशासन को होश आता है? इस रोड की दयनीय स्थिति के कारण अब तक दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। बीते दिनों एमपीआरडीसी के ही एक वाहन की भीषण सडक़ दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्य मौके पर ही दम तोड़ बैठे। यह हादसा कोई पहला नहीं था पिछले कई महीनों से यह रोड मौत का जाल बन चुका है।

सिवनी-बालाघाट रोड से गुजरना अब किसी रोमांचक यात्रा से नहीं, बल्कि मौत से खेलने जैसा हो गया है। हर कुछ मीटर पर बने खतरनाक गड्ढे, टूटी साइड सोल्डर, और अंधेरी रातों में लाइटिंग की कमी - इन सबने सडक़ को एक डेंजर जोन बना दिया है। स्थानीय लोगों ने बार-बार शिकायतें कीं, धरने दिए, सोशल मीडिया पर आवाज़ उठाई, मगर प्रशासन कछुआ चाल में ही चलता रहा। प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने करीब एक साल पहले सिवनी-बालाघाट रोड को



फोरलेन बनाने की घोषणा की थी। लेकिन यह घोषणा अब तक कागज़ों से बाहर नहीं निकली। पूरा मामला (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) की तैयारी में ही अटका हुआ है।स्थानीय जनप्रतिनिधि और नेताओं ने सोशल मीडिया पर वाहवाही लूटने के लिए कई पोस्ट जरूर कीं, पर जमीनी हकीकत यह है कि सडक़ की हालत दिन-ब-दिन और खराब होती जा रही है।

धारनाकला से लेकर बरघाट और सिवनी तक लोगों में गुस्सा साफ झलकता है। स्थानीय निवासी राजेश नामदेव ने बतायाजब सडक़ के गड्ढों ने इतने लोगों की जान ले ली, तब जाकर प्रशासन को मरम्मत याद आई। इससे पहले सब सो रहे थे। इसी तरह, एक अन्य ग्रामीण ने कहा अगर फोरलेन का काम समय पर शुरू हो जाता, तो कई घर उजडऩे से बच जाते। सिवनी-बालाघाट रोड से रोज़ाना सैकड़ों ट्रक, बसें और निजी वाहन गुजरते हैं। लेकिन सडक़ की चौड़ाई कम और साइड सोल्डर टूटे हुए होने के कारण हर दिन नए हादसे सामने आ रहे हैं। फोरलेन प्रोजेक्ट की देरी अब जनजीवन के लिए सीधी चुनौती बन चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो यह रोड प्रदेश की सबसे खतरनाक सडक़ों में शुमार हो जाएगी।

### जनता की मांग - जल्द शुरू हो फोरलेन निर्माण, नहीं तो आंदोलन

ग्रामीणों और व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर फोरलेन का काम जल्द शुरू नहीं किया गया तो सडक़ पर जनआंदोलन किया जाएगा। लोगों का कहना है - अब हमें खोखले वादे नहीं, ठोस सडक़ चाहिए। गड्ढे तो भर रहे, पर जवाबदेही अभी भी खाली! भले ही एमपीआरडीसी ने सडक़ मरम्मत शुरू कर दी है, लेकिन असली राहत तभी मिलेगी जब फोरलेन का काम हकीकत बनेगा। सिवनी-बालाघाट रोड पर मौत का सिलसिला थमाने के लिए राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों को जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।

# सतीश तिवारी को वापस मिली कोतवाली की कमान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की कानून व्यवस्था में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पूर्व कोतवाली थाना प्रभारी रहे सतीश तिवारी को डूँडासिवनी थाना से वापस कोतवाली थाना सिवनी की कमान सौंप दी गई है। यह तबादला किशोर वामनकर के न र सिं ह पु र स्थानांतरण के बाद किया गया है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सतीश तिवारी अपनी सख्त कार्यशैली और त्वरित कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। जब वे पहले कोतवाली में पदस्थ थे, तब शहर में अपराध नियंत्रण और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार देखने को मिला था। अब उनकी दोबारा नियुक्ति से लोगों में उम्मीदें बढ़ गई हैं कि सिवनी की कानून व्यवस्था एक बार फिर पटरी पर लौटेगी।



सतीश तिवारी की वापसी के बाद शहर में चर्चा का माहौल है। आम नागरिकों से लेकर व्यापारी वर्ग तक इस फैसले का स्वागत कर रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि तिवारी की सख्त छवि और सक्रिय नेतृत्व से कोतवाली क्षेत्र में अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी।पुलिस विभाग के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि, सतीश तिवारी का अनुभव और अनुशासन पुलिस बल के लिए बहुत लाभदायक रहेगा। उनके नेतृत्व में टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।

पूर्व में सिवनी कोतवाली में पदस्थ रहते हुए तिवारी ने कई बड़ी कार्यवाहियां की थीं चाहे वह नशे के खिलाफ मुहिम हो, अवैध हथियार बरामदगी या फिर शहर में बढ़ते वाहन चोरी के मामलों को सुलझाना। उनकी सक्रियता के चलते उन्हें डूँडासिवनी थाना भेजा गया था, जहां भी उन्होंने अपनी कार्यकुशलता से विभागीय प्रशंसा अर्जित की। सिवनी के कई नागरिकों ने सोशल मीडिया पर उनकी वापसी को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि अब पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनेगा और कानून व्यवस्था में और सुधार आएगा। सतीश तिवारी की नियुक्ति को कोतवाली में नई ऊर्जा की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

# लखनादौन पुलिस ने अवैध देशी अंग्रेजी शराब की जप्त



**सिवनी।** जिले मे अवैध शराब विक्रय परिवहन रोकने पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं अपूर्व भलावी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन को थाना लखनादौन स्तर पर टीम गठित कर अवैध देशी अंग्रेजी शराब जप्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

थाना लखनादौन मे विश्वसनीय मुखविर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 28/10/2025 को पुलिया के पास जबलपुर सिवनी हाईवे लखनादौन में एक व्यक्ति अपने पास मे 06 नग थैलो मे अवैध अंग्रेजी देशी शराब कब्जे मे रखा हुआ है थाना से टीम गठित कर मुखबिर सूचना पर बताये स्थान पर जाकर देखा गया जहां आरोपी राजू उर्फ राजेन्द्र पिता बसोडीलाल उम्र 23 साल नि. बंजारी स्थाई पता तुमडीपार थाना धूमा का अवैध रूप से अंग्रेजी शराब विक्रय करने अपने कब्जे मे 6 नग थैलो मे भरे पाया गया जिसके थैलो को खोलकर चैक किया गया जो पहले थैले में 130 नग मसाला पाव, दूसरे थैले में 110 नग मसाला पाव, तीसरे थैले में 110 नग मसाला पाव, चौथे थैले में 100 नग प्लेन पाव, पांचवे थैले में नंबर 1 रम के 68 पाव एवं छठवे थैले मे जीनियस व्हिस्की के 43 पाव सभी 180 एम एल के भरे हुये कुल 561 क्वार्टर जिसकी कुल 100.98 लीटर पायी गई जिसकी कीमत करीब 65000 रूपये है आरोपी राजू उर्फ राजेन्द्र के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। बरामद सम्पत्ति- 01. देशी मदिरा मसाला कुल - 350 पावा 02. देशी मदिरा प्लेन कुल 100 पाव। 03. मेकडाव्ल नंबर । रम कुल 68 पावा 04. जीनियस व्हिस्की कल-43 पाव। सभी 180 एम एल के भरे हुये जिसकी कुल मात्रा 100.98 लीटर कीमत करीब 65000 रूपये।

**आरोपी** - राजू उर्फ राजेन्द्र पिता बसोडीलाल उम्र 23 साल नि. बंजारी स्थाई पता तुमडीपार थाना धूमा सराहनीय कार्य थाना प्रभारी निरी.के.पी.धुर्वे, सउनि महेन्द्र उइके आर. रामभरोस आर. पृथ्वीराम, आर. लखनलाल, आर. धनेश्वर यादव, म.आर. माधुरी हरगोडे की महत्व पूर्ण सराहनीय भूमिका रही है।

# बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर उड़नदस्ता दल गठित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के तथा 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह बाल विवाह कहलाता है, जो एक कानूनी अपराध है। इस अपराध में शामिल माता-पिता, अभिभावक, रिश्तेदार, पंडित, मौलवी, पादरी, मैरिज ब्यूरो, कैटरर्स, प्रिंटिंग प्रेस संचालक, घोड़े वाले, बाजे वाले तथा विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तियों को दोषी माना जाता है। ऐसे मामलों में एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दो वर्ष तक का कारावास का प्रावधान है।

देवउठनी एकादशी (01-02 नवम्बर 2025) के अवसर पर संभावित बाल विवाहों को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा सभी अधिकारियों को सतर्क रहने एवं त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस उद्देश्य से जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है।

जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में श्रीमती पूर्वी तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी, श्री राजेश लिल्हारे, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास, श्री पीयूष बोपचे, बाल विकास परियोजना अधिकारी सिवनी शहर, एवं श्रीमती कविता दुबे, सेक्टर पर्यवेक्षक सिवनी शहर शामिल हैं।



ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा सेक्टर पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग सदस्य के रूप में रहेंगे।

उड़नदस्ता दल अपने-अपने क्षेत्रों में विवाह स्थलों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी प्रकार का बाल विवाह आयोजित न हो।

यदि किसी स्थान पर बाल विवाह की सूचना प्राप्त होती है या ऐसा पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

**कंट्रोल रूम की व्यवस्था:**

जिला स्तर पर वन स्टॉप सेंटर, सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां मोबाइल नंबर 9691000769 पर बाल विवाह संबंधी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

ब्लॉक स्तर पर संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में 24×7 कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित क्षेत्र के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को तत्काल सूचित किया जाएगा। साथ ही नजदीकी पुलिस थाना, डायल 112 या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर भी सूचना दी जा सकती है, ताकि बालक-बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों से बचाया जा सके।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे समाज में व्याप्त इस कुप्रथा के उन्मूलन में सहयोग करें और बाल विवाह की सूचना तत्काल प्रशासन को देकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की रक्षा करें।

## हाई स्कूल जैतपुर कला के छात्र व छात्राओं का मलखंब में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत दिवस 69 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता जिमनास्टिक एवं मलखंब वर्ष 14,17 एवं 19 वर्षीय बालक/बालिका उज्जैन में सम्पन्न हुई। जिसमें शासकीय हाई स्कूल जैतपुर कला के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में अधिकारी के रूप में विद्यालय के शिक्षक मयंक तिवारी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मयंक तिवारी ने बताया कि मलखंब के क्षेत्र में शासकीय हाई स्कूल जैतपुर कला के छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं जो आगे भी जारी रहेगा।

## अरी पंचायत में सचिव-रोजगार सहायक नहीं, विकास कार्य ठप्प

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जनपद पंचायत बरघाट के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अरी में लंबे समय से सचिव और रोजगार सहायक का पद रिक्त होने से पंचायत के अधिकांश कार्य ठप पड़े हैं। सचिव एवं रोजगार सहायक की अनुपस्थिति के कारण न तो भुगतान हो पा रहे हैं और न ही पंचायत के अन्य विकास कार्यों के प्रस्ताव आगे बढ़ पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महीने भर से पंचायत में पदस्थ अधिकारी अनुपस्थित हैं। उनकी जगह किसी अन्य अधिकारी की तैनाती नहीं की गई है, जिससे कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, निर्माण कार्यों की स्वीकृति, मजदूरों के भुगतान जैसे सामान्य कार्य भी अटक गए हैं। पंचायत के स्थानीय निवासियों ने बताया कि सचिव और रोजगार सहायक की अनुपस्थिति से ग्रामीणों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी जनपद पंचायत या अन्य ग्राम पंचायतों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही पंचायत में स्थायी सचिव और रोजगार सहायक की पोस्टिंग की मांग की है।

## -वनवासी विकास परिषद चलाएगा संकल्प पत्र हस्ताक्षर अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 1 नवम्बर 2025 दिन शनिवार को डोला ग्यारस (देवउठनी ग्यारस) के उपलक्ष्य में महाकौशल प्रांत वनवासी विकास परिषद के तत्वाधान में संकल्प पत्र हस्ताक्षर अभियान यात्रा निकाली जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए बाबा जी महेश नागेश्वर प्रांत टोली सदस्य ने बताया कि राष्ट्रीय संत श्री दिगंबर स्वामी मदन मोहन गिरी जी महाराज दादा धुनी वाले के मार्गदर्शन में देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर 1 नवम्बर 2025 को महाकौशल प्रांत वनवासी विकास परिषद के तत्वाधान में दिव्य भव्य मां राजेश्वरी पालकी ध्वज यात्रा एवं सदुरू दादा धुनी वाले विश्व जन कल्याण यात्रा, श्री गुरु लिंगेश्वर महादेव शीशाघाट ग्राम घुसौर नर्मदा दक्षिण तट से प्रारंभ होगी। यात्रा पड़ाव चूल्हा गोलाई से होते हुए बरेला दादा ठनठन पाल की नगरी के रास्ते उदयपुर होते हुए यात्रा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पहुंचेगी जहां साधु संतों का स्वागत होगा। पालकी यात्रा का समापन जलहरी घाट शनि धाम राम जानकी मंदिर में पूर्ण आहुति एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित होगा। यात्रा में बड़ी संख्या पर साधु संतों की उपस्थिति रहेगी।

## सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकार ग्राम सभाओं के दिए जायेंगे

**सिवनी।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सिवनी ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(ई) के अंतर्गत ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, पुर्नजीवन, प्रबंधन और सतत उपयोग के अधिकार दिये जाने की प्रक्रिया चरणबद्ध और समयबद्ध कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित की जा रही है। इस प्रावधान के अनुसार ऐसे सभी राजस्व ग्राम जिनकी सीमाओं में छोटे-बड़े झाड़ के जंगल स्थित हैं, उनमें सामुदायिक वन अधिकार दावे किए जाने की संभावना है। इन दावों के माध्यम से ग्राम सभाओं को अपने पारंपरिक रूप से संरक्षित वन क्षेत्रों के संरक्षण और प्रबंधन का अधिकार प्रदान किया जाएगा।

मध्यप्रदेश असाधारण राजपत्र में दिनांक 15 नवंबर 2022 को प्रकाशित मध्यप्रदेश पंचायत उपबंध नियम 2022 के अध्याय 9, नियम 27 में भी इन अधिकारों का उल्लेख किया गया है। इस प्रक्रिया में जिले के पेसा मोबिलाइजर एवं जन अभियान परिषद के सहयोग से ग्राम सभाओं द्वारा सामुदायिक वन अधिकारों के दावे तैयार किए जाएंगे। जिले की सभी उपखंड स्तरीय वनाधिकार समितियों को निर्देशित किया गया है

## आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित स्वरोजगार अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**सिवनी /** शासन द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं एवं युवतियों को स्व-रोजगार स्थापित करने हेतु म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना स्वीकृत की गई है। जिले को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 204 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 34 लाभार्थी भगवान बिरसा मुण्डा योजना तथा 170 लाभार्थी टंट्या मामा योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में व्यवसाय, सेवा एवं उद्योग से संबंधित प्रकरण तैयार किए जाएंगे। हितग्राहियों को इकाई लागत का 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा तथा सीजीटीएमएसई योजनांतर्गत देय गारंटी सेवा शुल्क की प्रतिपूर्ति 7 वर्षों तक राज्य शासन द्वारा की जाएगी। योजना के अंतर्गत आय सीमा 12 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। पात्रता में 8वीं कक्षा उत्तीर्ण, आयु 18 से 45 वर्ष, निवास, जाति, आय, आधार, पैन, बैंक खाता, समग्र आईडी, कोटेशन एवं कार्ययोजना सहित आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य हैं। ऋण की सीमा 1 लाख से 50 लाख रुपये तक निर्धारित है। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 10 हजार से 1 लाख रुपये तक के ऋण प्रकरण स्वीकृत किए जाएंगे। इस योजना में योग्यता का बंधन नहीं है, केवल आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के बीच होना चाहिए। आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम कार्यालय सिवनी से संपर्क कर सकते हैं।

## पुलिस की तत्परता से आरोपी गिरफ्त में

# डुण्डासिवनी पुलिस ने नाबालिग बालिका को 8 घंटे के भीतर किया दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी. दीपक मिश्रा व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति श्रध्दा सोनकर के निर्देशन व नेत्तृव में कार्य करते हुए थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया। दिनांक 28/10/2025 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 12 वर्ष 11 माह कि नाबालिग बालिका घर से मोहल्ले मे खेलने के लिए जा रही हूँ कहकर निकली थी अभी तक वापस नहीं लौटी, कही मिल नही रही है जो कही चली गयी है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 504/25



धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के व्दारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन अलग अलग टीम गठित कर अपहता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी जो पता चला कि पाथरफोडी थाना कान्हीवाडा निवासी रुपेश पारधी ने अपने साथ अपहता को ले गया है जो पुलिस टीम व्दारा हरसंभव प्रायस कर अलग अलग स्थानो पर तलाश की गयी जो पता चला कि अपहता को लेकर गोंदिया तरफ गया है जो एक टीम रात्री मे ही गोंदिया रवाना होकर अपहता को दस्तयाब कर सिवनी लाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

विवेचना में पाया गया कि रुपेश पारधी ने शादी के प्रलोभन देकर अपहता को अपने साथ भगा कर ले जा रहा था। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी (1) रुपेश पिता रामसिंह पारधी उम्र 18 साल निवासी पाथरफोडी थाना कान्हीवाडा जिला सिवनी। विशेष भूमिकाः- निरी. चैनसिंह उइके, निरी. सतीश तिवारी, निरी. संदीपिका ठाकुर, निरी. अंनती मर्सकोले निरी. मोहनीस बैस, उनि. दामिनी हेडाऊ, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), प्र. आर. परवेज सिद्धिकी, आर. कृष्णकुमार भालेकर, विक्रम देशमुख, सीताराम जावरे, अनुराग दुबे, अजय बघेल (सायबर सेल)।

## भारत का विकास स्वदेशी अपनाने से ही संभव : मीना बिसेन

**सिवनी।** जिला भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता में युवा एवं स्वदेशी सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, विशिष्ट अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं डॉ. गजेन्द्र डहरवाल सहित अन्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन को राष्ट्रनिर्माण का सशक्त संकल्प बताया। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने कहा कि भारत का भविष्य आत्मनिर्भरता के मार्ग पर ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने मेक इन इंडिया',स्टार्टअप इंडिया' और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों से आत्मनिर्भरता की नई क्रांति शुरू की है।

श्री दिवाकर ने कहा कि भारत अब सुई से लेकर ब्रह्मोस मिसाइल तक, और चिप से लेकर



सॉफ्टवेयर तक स्वदेशी उत्पादन कर रहा है। यह केवल उत्पादन नहीं, बल्कि राष्ट्रगौरव की पुनस्थापना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल वस्त्र या उत्पाद का नाम नहीं, बल्कि राष्ट्र के आत्मसम्मान का प्रतीक है। भारत के गांवों में छिपी कला, कारीगरी और श्रमशक्ति आज विश्व के बाजार में प्रतिस्पर्धा कर रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि — हर युवा यदि एक स्वदेशी उत्पाद को अपनाने और बढ़ावा देने का संकल्प ले, तो भारत अगले दशक में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन सकता है। श्री दिवाकर ने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल उद्योग या व्यापार तक सीमित नहीं है, यह मानसिक स्वतंत्रता और स्वदेशी सोच का आंदोलन है। जब भारत के युवा अपने कौशल, परिश्रम और नवाचार पर भरोसा करेंगे, तभी वास्तविक विकसित भारत' साकार होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्रीमती मीना बिसेन ने कहा कि भारत का विकास स्वदेशी अपनाने से ही संभव है।

## गांव में जगह- जगह बिक रही अवैध शराब, बिक्री पर तत्काल लगाई जाए रोक

# गांव को नशामुक्त बनाने एकजुट हुई महिलाएं, कलेक्ट्रेट पहुंच मदद की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश शासन के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब निर्माण और उसकी बिक्री रोकने जिम्मेदारों द्वारा बड़ी संख्या में रोजाना ही कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके भी पुलिस अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। यही वजह है कि संपूर्ण जिले में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है।

ताजा मामला भरवेली थाना क्षेत्र के ग्राम पाथरवाड़ा से सामने आया है। यहां की करीब एक सैकड़ा से अधिक महिलाओं ने कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर लिखित शिकायत देकर गांव में तत्काल शराब बंदी किए जाने की मांग की। उन्होंने गाव में शराब बिक्री होने से बच्चों और युवाओं में नशे की लत लगने और गांव का माहौल खराब होने की बात कहते हुए शिकायत करने पर भी पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई ना किए जाने का आरोप लगाया है।

### गांव में शराबियों जमघट

महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में कच्ची एवं पक्की शराब का अवैध कारोबार तेज गति से चल रहा है। गांव में कई जगह शराब बेची जा रही है। रोजाना शाम को शराबियों का जमघट गांव के चौक, चराहो पर लग जाता हैं। गांव में लड़ाई झगड़े होते रहते हैं। ग्राम की शांति व्यवस्था भंग होती है। शराब पीने के बाद महिलाओं को प्रताड़ित भी किया जाता है।

### जुर्माने का किया गया प्रावधान



महिलाओं ने बताया कि गांव में कुछ लोग खुलेआम अवैध तरीके से शराब बेच रहे हैं। गांव का माहौल खराब हो रहा है। सूचना पुलिस को लिखित में दी जा चुकी है। इसके बाद भी शराब बंदी नहीं हुई। ग्रामीणों ने नशा मुक्ति समिति बनाई है। निर्णय लिया है कि शराब बेचने वालो पर जुर्माना एवं पता बताने वालो को इनाम रखा गया है। इसके बाद भी गांव में शराबबंदी नहीं हो पा रही है। इसलिए हम पुलिस सहयोग की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय आए हैं।

## 16 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 26 गैस सिलेण्डर एवं 03 चुल्हे जब्त किये गए



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग रोकने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के दल ने 29 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्र बालाघाट में 16 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही कर 26 गैस सिलेण्डर एवं 03 आयरन चुल्हे जब्त किये है। इन प्रतिष्ठानों के संचालको के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किये जा रहे है।

# रोजगार सहायक से मारपीट के मामले ने पकड़ा तूल, अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन

### पुलिस प्रशासन हाय-हाय के लगे नारे

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



पात्रता पर्ची से नाम विलोपित होने पर बौखलाए एक फौजी उसके पिता और एक अन्य रिश्तेदार ने पंचायत भवन के भीतर घुसकर ग्राम रोजगार सहायक से हाथापाई की है. घटना बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत गोरेघाट की है. यहां पदस्थ रोजगार सहायक कमलेश सोनगड़े से पंचायत के भीतर घुसकर मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई गई है और यह पूरी घटना पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. घटना की शिकायत पीड़ति रोजगार सहायक ने तिरोड़ी थाने में दर्ज करवाई पुलिस ने गोरेघाट के बसंत टांडेकर (फौजी), मंगल टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है. वहीं दूसरे पक्ष ने भी रोजगार सहायक के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस ने रोजगार सहायक के खिलाफ भी बीएनएस के अलावा एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर दिया है. पुलिस ने जैसे ही रोजगार सहायक के खिलाफ अपराध दर्ज किया वैसे ही इस पुरे मामले में तूल पकड़ लिया है. तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या के अविवेक की वजह से इस पूरी घटना में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई है और वह पंचायतकर्मियों के निशाने पर है. पंचायत कर्मियों का सीधा आरोप है कि थाना प्रभारी ने जानबूझकर रात्रि में करीब 1 बजे के बाद रोजगार सहायक पर अपराध दर्ज किया और रोजगार सहायक से मारपीट करने वाले आरोपियों को कानूनी संरक्षण प्रदान करने के लिए झूठी एफआईआर दर्ज की गई. थाना प्रभारी पहले भी कुछ मामलों में आरोपियों को बचाने की सफल कोशिश कर चुके है. जिस कारण उनकी कार्यशैली पुलिस दायित्वों से परे दिखाई देती है. पुलिस की इसी भेदभाव और आरोपियों को बचाने की दिशा में की गई कार्रवाई का विरोध करते हुए बुधवार को ग्राम रोजगार सहायक संघ, पंचायत सचिव संघ और सरपंच संघ ने सीईओ, एसडीएम और एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन के जरिए यह मांग की गई है कि रोजगार सहायक के खिलाफ दर्ज किए गए अपराध की निष्पक्ष जांच हो और रोजगार सहायक से मारपीट करने वाले बसंत टांडेकर, मंगल टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए. संघ ने चेतावनी दी है कि अगर उचित कार्रवाई नहीं की जाती तो काम बंद हड़ताल कर प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी.

ग्राम पंचायत गोरेघाट में घटना सोमवार की सुबह 11 बजकर 40 मिनट में घटित हुई है और पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि रोजगार सहायक से मारपीट की जा रही है. रोजगार सहायक कमलेश पिता गुलाबचंद सोनगढ़े ने रात्रि में 09 बजे के बाद रोजगार सहायक संघ ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वासनिक और अपने कुछ साथियों के साथ तिरोड़ी थाने पहुंचकर अपने साथ हुई मारपीट और शासकीय कार्य में दखल देने की शिकायत दर्ज करवाई है. पुलिस ने आरोपी मंगल टांडेकर, बंसत टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 132, 121 (1), 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) की कार्रवाई की है.

वहीं बसंत टांडेकर की तरफ से भी तिरोड़ी थाने में सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि रोजगार सहायक के खिलाफ जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज करने और मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई गई है. पुलिस ने शिकायत मिलते ही रोजगार सहायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 296, 351 (3) और अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम की धारा 3 (1), द 3, (1) घ, 3 (2), (वी-9) के तहत अपराध दर्ज किया. थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या बताते है कि रोजगार सहायक ने चौक में जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज की जबकि ग्रामीणों ने ऐसी कोई घटना चौक में होने से साफ इंकार कर दिया है।

# शासकीय चिकित्सकों द्वारा अपने निज निवास से निजी प्रैक्टिस और परामर्श सेवाएं देने वालों पर होगी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलव ने जिले में पदस्थ समस्त शासकीय चिकित्सकों को निर्देशित किया है कि वे अपने निज निवास से पृथक संचालित किये जा रहे क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से बंद करे दे साथ ही जिले के किसी भी निजी नर्सिंग होम या निजी चिकित्सालय में सेवाऍ प्रदान करना तत्काल प्रभाव से बंद कर दे। निरीक्षण के दौरान शासकीय चिकित्सकों के किसी भी निजी चिकित्सालय में सेवाऍ देना पाया जाएगा तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में आया है कि जिले में पदस्थ शासकीय विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा अपने निज निवास से पृथक क्लीनिक का संचालक किया जा रहा है। यह भी ज्ञात हुआ है कि, कुछ विषेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा अपनी शासकीय सेवा से विभिन्न प्रकार के अवकाश लेकर अपने निजी क्लीनिकों में चिकित्सा व्यावसाय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यह भी जानकारी प्राप्त हो रही है कि शासकीय विशेषज्ञों विशेषकर निश्चेतना विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिकल स्पेशलिस्ट एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ, द्वारा नगर के निजी चिकित्सालयें/नर्सिंग होम्स में भी जाकर सेवाएं प्रदान की जा रही है।

मध्यप्रदेश शासन ने शासकीय चिकित्सकों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं, जिसके अनुसार शासकीय चिकित्सक को अपने निवास पर निजी प्रैक्टिस के अंतर्गत केवल परामर्श सेवाएं ही देने की अनुमति है, लेकिन इसके लिए भी कुछ शर्तें हैं। उन्हें अपने निवास पर केवल मूलभूत उपकरण जैसे स्टेथोस्कोप, बी.पी. इंस्ट्रूमेंट, ऑप्थलमोस्कोप आदि ही रखने की अनुमति है। इसके अलावा, उन्हें किसी भी निजी नर्सिंग होम या चिकित्सालय में जाकर सेवाएं प्रदान करने की अनुमति नहीं है। ऐसे उपकरण, जिनके लिये पृथक से लायसेंस की आवश्यकता होती है जैसे एक्स-रे मशीन, सोनोग्राफी मशीन, ईकोकार्डियोग्राफी मशीन, आदि तथा शल्य क्रिया में उपयोग किये जाने वाले उपकरण जैसे डेन्टल चेयर, याग लेजर मशीन, पेथालॉजी/माईक्रोबायोलॉजी जांचों हेतु निजी प्रेक्टिस के लिये कोई उपकरण अपने नाम से पंजीकृत कर स्वयं के निवास पर नहीं रख सकते। अपने निवास पर परिजन अथवा अन्य व्यक्ति के नाम से स्थापित/पंजीयकृत उपकरण पर कार्य हेतु स्वयं का नाम रजिस्टर नहीं करा सकते एवं स्वयं उस उपकरण पर कार्य की रिपोर्टिंग भी नहीं कर सकते है।

यदि कोई शासकीय चिकित्सक इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। जिला प्रशासन ने सभी शासकीय चिकित्सकों को निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। यदि कोई चिकित्सक निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## छह दिवसीय सामाजिक एवं धार्मिक यात्रा रही सफल



हरिभूमि न्यूज बिरसा।

बिरसा में आयोजित छह दिवसीय सामाजिक एवं धार्मिक यात्रा बड़े ही सुखद, मंगलमय और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस यात्रा के समापन अवसर पर यात्रियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।यह कार्यक्रम स्वर्गीय श्रीमती पारनबाई पटले की तेरहवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। बिरसा ग्राम में 27 अक्टूबर 2025 को संपन्न इस तेरहवीं कार्यक्रम में समस्त स्वजाति बंधु एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर पौंडी सर्कल के पूर्व अध्यक्ष श्री यशवंत शरणागत, संरक्षक श्री ओमंकार चौधरी, पंवार सर्कल कमेटी पौंडी के अध्यक्ष श्री सुरजलाल कटरे, राम मंदिर ट्रस्ट बैंहर के सहसचिव श्री छैया लाल पटले, ट्रस्टी सदस्य श्री नंदलाल पटले सहित ढेमनलाल राहंगडाले, निरपत बघेल, धनीराम राहंगडाले, सालिकराम भगत, देवलाल राहंगडाले, नरबद भगत, चैनलाल राहंगडाले, सालिकराम पटले, ऐमनलाल राहंगडाले, मामराज शरणागत, आशीष पटले, चित्रकुमार ठाकरे, श्रीमती गीता चौहान तथा श्रीमती ममता ऐडे उपस्थित रहे।पौंडी सर्कल समिति की ओर से सभी यात्रियों को यात्रा स्मृति के रूप में मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और आपसी सौहार्द का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला।

# मोवाड़ सहित अन्य गांवों में मनाया गया भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



मंगलवार को प्रतिवर्ष अनुसार डहरवाल कलार समाज संगठन द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जी का जन्म उत्सव खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोवाड सहित अन्य गांवो में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर श्रदालुओ के द्वारा अपने-अपने ग्रामों में दीपावली की तरह दीपक जलाया गया ।भजन कीर्तन एंव विधि विधान अनुरूप पूजा-पाठ व आरती कर भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु जन्म उत्सव मनाया गया एंव महाप्रसादी वितरण की गई । इस दौरान श्रीराम सुहागपुरे ब्लॉक अध्यक्ष खैरलांजी इनके द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जी का जीवन का उल्लेख करते हुए संक्षिप्त रूप जानकारी दी गई एंव समाज के उत्थान और विकास को लेकर संबोधित किया गया । बताया की गया की लगातार हर वर्ष की तरह जयंति समारोह मोवाड, चिखलाबांध, सालेबडी, दैदबर्रा, भंडारबोडी, कटोरी,गराबोडी, तुमसर, टेकाड़ी तेजू ,पुलपुटा, फुलचुर सहित अन्य ग्रामों में मनाई गई।इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम सुहागपुरे इनके अलावा बाबूलाल बिटले, निक्खिलाल मंडलेकर, सेवकराम बिठले, रामेश्वर चंद्रवार, योगेश चमकलाल बिटले, अरविंद शिवने, अतुल डहरवाल, रवनलाल डहरवार, समीर डहरवाल,संपत आशापुरे, सुरेंद्र पारधी, राजू जमुनापाने, योगेश ताराचंद बिटले, युवराज सुहागपुरे, शिवप्रकाश मंडलेकर, हरिराम सुहागपुरे,प् रभु सुहागपुरे,गोविंद बमनोटे,छोटेलाल बागमारे, विजय बीटले ,सुनील सुहागपुरे ,पांडुरंग सकरगढडे, दयाराम डहरवाल, कृष्ण कुमार बाविसताले, महेंद्र बाविसताले, फूलचंद पारधी, धीरेंद्र पारधी, सुखराम पारधी, भसनलाल जमुनापाने, महिंद्रा जामुनपाने, चंद्रपाल साकरे, सुरेंद्र साकरे, राजकुमार सुहागपुरे, गोविंद बमनोटे, रुतेश सुहागपुरे, महेंद्र सोहागपुरे आदि डहरवाल कलार समाज उपस्थित रहे।

### जनपद सदस्य के हाथों छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के महकेपार संकुल के हाईस्कूल महकेपार में जनपद पंचायत सदस्य विनोद पंचभाई के हाथों स्कूली छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया. वहीं इससे पहले स्कूल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा लेते हुए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली गई. इस दौरान प्राचार्य डी.के. घोड़ेश्वर सहित स्कूल के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे. बुधवार की सुबह साढ़े 10 बजे छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया. जिससे छात्राएं बेहद खुश नजर आई. शिक्षा के लिए अपने घर से स्कूल तक की लंबी दूरी तय करने वाली छात्राओं को स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत साइकिल का वितरण किया गया ताकि वह अपनी शिक्षा जारी रख सकें. जनपद सदस्य ने कहा कि सरकार छात्राओं के शिक्षा को लेकर चिंतित है इसलिए कई तरह की स्कीमें चलाकर छात्राओं को शिक्षा से जोड़कर रखने काम कर रही है. आज गांव-गांव से बेटियां साइकिल के माध्यम से लंबी दूरी तय कर स्कूल आना-जाना कर पा रही है।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन 31 को मनाएंगे दीपावली मिलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शिवशंकर तिवारी जिलाध्य वरिष्ठं नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि दीप पूजन महापर्व दीपावली मिलन समारोह दिनांक 31अक्टूबर 2025 को अपने समस्ता पेंशनर्स कर्मचारियों के साथ मनाया जाने का कार्यक्रम दोपहर 02:00 बजे से 05:00 बजे के मध्य शीतल पैलेस भटेरा रोड बालाघाट में रखा गया है।

मिलन समारोह के पश्चात अनेक विशेष विषयो पर भी चर्चा कर निर्णय लिया जाना है 1 जिसमें प्रमुख रूप से संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन पर चर्चा किया जाना है। 09 नवम्बर को संघ की प्रांत कार्यकारिणी द्वारा मध्य प्रदेश के विभिन्न 09 संगठन एवं छत्तीगसगढ के 06 संगठनों की महासमिति की संयुक्तय पेंशनर्स फेण्डमरेशन की जबलपुर में रखी गई बैठक के सम्बंध में चर्चा किया जाने के साथ ही संगठन के नए सदस्य बनाये जाने पर चर्चा किया जाना है।

अध्यक्ष शिव तिवारी द्वारा समस्तर पेंशनर्स कर्मचारियों से अपील की गई है कि जिला स्तर पर पेंशनर संगठन को मजबूत बनाये जाने के लिए दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर एकजूटता का परिचय देवें। आगामी दिनांक 09 नवम्बर को छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की संयुक्तत पेंशनर्स फेण्ड रेशन महासमिति द्वारा विभिन्नक मांगो जैसे धारा 49 (6) को विलुप्तर कराये जाने , पेंशनरो को निःशुल्क दवाईयों का प्रदाय , सेवा निवृत्ता शिक्षको को 300 दिवस का अर्जित अवकाश का नगदीकरण ,पेंशनरों को आयकर से मुक्ता रखा जाए, ट्रेन किराए में पूर्व की भांति रियायत दिया जाये इत्यादि के सम्बंध में चर्चा रखी गई है। आप सभी की एकजूटता से संगठन को बल मिलेगा एवं हम सभी मजबूती से अपनी मांगो को शासन के समक्ष रख सकेगे।

## कवि संजय अश्क हुए नागपुर में सम्मानित, शुभचिंतको ने किया हर्ष व्यक्त

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।



जिले के प्रख्यात कवि संजय अश्क जिन्हें विदर्भ हिन्दी साहित्य सम्मेलन नागपुर में 27 अक्टूबर को सिनेमा गीतकार एवं शायर साहिर लुधियानवी की 45 वी पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित समारोह में उन्हें श्रीफल स्याल भेंट कर सम्मानित किया गया । बताया गया की लगातार 38 वर्षो सें में कवि डा. तन्हा नागपुरी एंव नामी शायर जमील अंसारी के द्वारा कार्यक्रम करवाया जा रहा है। इसी अवसर पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एंव मुशायरा कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें कवि संजय अश्क के द्वारा अपने बेहतरीन अंदाज में काव्य पाठ कर उपस्थित त्रोतागण को मंत्रमुग्ध किया। बताया की प्रख्यात कवि संजय अश्क की अनेको रचना व कविता आए दिन देश प्रदेश के अखबारो में प्रकाशित हो रही है, उनकी तीन कविता संग्रह, तेरी मोहब्बत के अश्क, दिल की गहराइयों में तुम, और... उसकी शादी हो गई, प्रकाशित हो चुकी है । कवि सम्मेलन की शुरुआत डा. तन्हा नागपुरी की अध्यक्षता में शुरू की गई। जहां सर्वप्रथम महरूम साहिर लुधियानवी को आदरांजली कवियों और श्रोताओं के द्वारा अर्पित की गई।दोपहर 2 बजे से 5बजे तक चले इस कार्यक्रम में श्रोताओं ने कविताओं का खूब आनंद उठाया।कार्यक्रम में श्री तन्हा नागपुरी,संजय अश्क बालाघाटी,डा यादव पोटे,इमरान फ़ैज़ और राहुल शामकुंवर मंचाशीन रहे।उक्त कवि सम्मेलन में नागपुर के साथ कामठी, छिंदवाड़ा, सावनेर, अचलपुर, गोंदिया, भंडारा, रामटेक व अन्य जगह से आये कवि व शायरों ने हिस्सा लेकर काव्य पाठ कर कार्यक्रम को सफल बनाया।जमील अंसारी के शानदार संचालन में सभी कवियों ने एक से एक अलग-अलग रचनाएं प्रस्तुत की गई। जिससे सुनकर त्रोतागण आनंदित हुए। कवि संजय अश्क को सम्मान मिलने पर उनके शुभचिंतको व सहयोगीयो के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया ।

# फसल के मुआवजे और समर्थन मूल्य को लेकर सौंपा ज्ञापन

### अतिशीघ्र फसल नुकसान का कराये जाये सर्वे - हेमंत साहू

हरिभूमि न्यूज बिरसा।



कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष बालाघाट संजय उइके विधायक बैहर के निर्देशन में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरसा के द्वारा क्षेत्र में लगातार हो रही बेमौसम बारिश और कीट प्रकोप से तबाह हुई फसलों के उचित मुआवजे की मांग को लेकर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के साथ 29 अक्टूंबर को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मौसम की मार ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।बारिश और कीटों के हमले से धान की मुख्य फसलें बर्बाद हो गई हैं।खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गईं,जिससे किसान अब आर्थिक संकट में फंस गए हैं।किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही खेतों का सर्वे कराकर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाए और पात्र किसानों को उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए।साथ ही फसल बीमा योजना के तहत सभी प्रभावित किसानों को लाभ दिलाया जाए ताकि उन्हें दोबारा खेती करने में सहायता मिल सके।इसके अतिरिक्त किसानों ने सरकार से चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने की याद दिलाए हैं।भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में धान का समर्थन मूल्य 3100रु और गेहूं का समर्थन मूल्य 2700रु प्रति क्विंटल देने की बात कही थी।लेकिन आज भी चुनावी वादे धरे के धरे रह गए हैं।किसान अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा हेमंत साहू ने कहा है कि अतिशीघ्र फसल नुकसान का सर्वे कराया जाना चाहिए।फसल नुकसान का सर्वे मात्र औपचारिकता न रहे,बल्कि ईमानदारी से वास्तविक आंकलन कर पीड़ित किसानों तक सहायता राशि पहुंचे।उन्होंने मप्र सरकार से किसानों से किए वादे 3100रु धान का समर्थन मूल्य और 2700रु गेहूं का समर्थन मूल्य को पूरा करने का याद दिलाया।विधायक प्रतिनिधि द्रोपकिशोर मेरावी ने भाजपा सरकार के झूठे वादे गिनाते हुए सरकार पर किसानों से झूठे वादे करने का आरोप लगाया।किसान ओमकार पटले और अन्य किसानों ने कहा कि कई किसानों ने कर्ज लेकर फसल बोई थी,लेकिन फसल के नुकसान के बाद अब वे कर्ज चुकाने में असमर्थ हैं।ऐसे में सरकार को उन्हें राहत देने के लिए विशेष पैकेज घोषित करना चाहिए। किसानों ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ही राहत नहीं दी,तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।आज किसानों की विभिन्न मांगो को लेकर दिए गए ज्ञापन में जनपद पंचायत बिरसा अध्यक्ष सविता धुर्वे,पार्षद अब्दुल शोहेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरसा अध्यक्ष नीलकंठ राहंगडाले, शिव ग्वाल, ओमकार पटले, उदय सिंह धुर्वे, बसंत टेकाम, बेलनसिंह सैयाम, रामसिंह पट्टावी, गिरमेंश पटले, प्रमोद पटले, ज्ञानसिंह कुशरे, संतराम मेरावी ,चंद्रपाल मेरावी, नैनसिंह मरकाम, महाराजी सैयाम, पूरन चौधरी, राजेंद्र राहंगडाले, समारू मेरावी सहित सभी गांवों के किसान उपस्थित रहे।